हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

06 विधायक, कलेक्टर ने हितग्राहियों को बांटे 1.34 करोड़ रुपए...



09 महिला किसानों को वैज्ञानिक खेती और मूल्य संवर्धन से आय बढ़ाने के...



खबर संक्षेप में



आज से पांच दिन नलखेड़ा कृषि उपज मंडी रहेगी बंद

नलखेड़ा। आज शनिवार से बुधवार तक लगातार पांच दिनों तक स्थानीय कृषि उपज मंडी में अवकाश रहेगा। उक्त जानकारी देते हुवे कृषि उपज मंडी सचिव ने बताया कि आज शनिवार को साप्ताहिक अवकाश, रविवार को दुर्गाष्टमी, सोमवार को महानवमी, मंगलवार को दशहरा एवं बुधवार को दशहरे का दूसरा दिन होने के कारण कृषि उपज मंडी में अवकाश रहेगा। उन्होंने किसानों से अवकाश के दौरान अपनी उपज विक्रय हेतु मंडी प्रांगण में नही लाने की अपील की है।

नाबालिग बालिका की कुएं में मिली लाश

नलखेड़ा। तहसील के ग्राम धरोला में एक 17 वर्षीय नाबालिग बालिका का शव स्वयं के परिवार के खेत में बने कच्चे कुएं में मिला है। नाबालिग एक दिन पूर्व से लापता थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम धरोला निवासी हेमराज पिता किशन लाल मेघवाल की17 वर्षीय नाबालिग पुत्री 15 अक्टूबर शाम 4 से लापता होने पर गुरुवार को परिजनों द्वारा पुलिस थाने पर गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। परिजनों व ग्रामीणों द्वारा भी लगातार तलाश की जा रही थी। इसी दौरान शुक्रवार तड़के लापता नाबालिग अपने परिवार के ही खेत में बने कच्चे कुएं में मृत अवस्था में मिलीं। परिजन उसे स्थानीय सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

कल से राजेन्द्र विलास जीवागंज में साश्वत ओलीजी की आराधना

मंदसौर। त्रिस्तुतिक संघ एवं चातुर्मास समिति के तत्वाधान में प.पू. जैन संत प्रत्यक्षरत्नविजयजी म.सा. व पवित्ररत्नविजयजी म.सा. की पावन प्रेरणा व निश्रा में जीवागंज स्थित राजेन्द्र विलास में चातुर्मास में विविध तप तपस्याये चल रही है। दिनांक 18 अक्टूबर रविवार से आसोज मास की साश्वत नवपदजी आयंबिल आराधना प्रारंभ होने जा रही है। प.पू. दादा गुरुदेव श्री राजेन्द्रसूरिजी म. सा. व पुण्य सम्राट श्री जयन्तसेन सूरिश्वरजी म. सा. के दिव्य आशीर्वाद एवं गच्छाधिपति विजय नित्यसेन सूरिश्वरजी म. सा. व आचार्य श्र जयरत्नसूरिश्वरजी म. सा. के शुभ आशीर्वाद से साश्वत नवपद आयंबिल ओलीजी की आराधना जीवागंज स्थित राजेन्द्र विलास में होने जा रही है। जिन महानुभाव व माता बहनों को ओलीजी की तप तपस्या करने की भावना हो वे अपना नाम 17 अक्टूबर शनिवार तक नोट करावें। संघ एवं चातुर्मास समिति की आज्ञा से सम्पूर्ण ओलीजी की तपस्या कराने का धर्मलाभ लिया है।

आराधना भवन नई आबादी में श्री माणिभद्रजी का हुआ हवन

मंदसौर। आसोज मास की पंचमी को श्री माणिभद्र वीर का प्राकट्य दिवस मनाया जाता है, इसी परम्परा का निर्वहन करते हुये कल नई आबादी स्थित आराधना भवन मंदिर में स्थापित श्री माणिभद्र वीर की प्रतिमा के समक्ष विशेष हवन पूजन कर उनका प्राकट्य दिवस मनाया गया। शांतिलालजी संजय कुमार जैन विजय मेडिकल परिवार एवं 5 अन्य परिवार के जोड़ो ने श्री माणिभद्रजी की प्रतिमा का पूजन कर हवन किया। विधिकारक ने लगभग 3 घण्टे तक पूरे जैन विधि विधान से पूजा कराकर उनकी प्रतिमा के सामने हवन की विधि सम्पन्न करायी।

माता रानी का विभिन्न रंगों की चुनरी से किया जा रहा मनोहारी श्रृंगार

बगलामुखी मंदिर पर शक्ति की भक्ति में लीन भक्त, भक्तों का उमड़ रहा सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में स्थित पीताम्बरा सिद्धपीठ माँ बगलामुखी के दरबार में शारदीय नवरात्रि पर्व पर भक्तों की आस्था उमड़ रही है। नवरात्रि के दिनों में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु भक्त मां के दरबार में दर्शन व विशेष हवन अनुष्ठान के लिये पहुंच रहे हैं वही मंदिर पर होने वाली मंगला एवं संध्याकालीन आरती में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हो रहे है। पर्व के दिनों में मां बगलामुखी का प्रतिदिन विभिन्न रंगों की चुनर एवं आभूषणों के साथ श्रृंगार किया जा रहा है। शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर पर प्रतिदिन माता रानी का विभिन्न रंगों की चुनर से मनोहारी श्रृंगार किया जा रहा है। मां के इस स्वरूप के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में प्रदेश सहित देश के कई स्थानों से भक्तगण मंदिर पर पहुंच रहे हैं। जिनके द्वारा दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु हवन अनुष्ठान भी किये जा रहे हैं।

नगर में विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्धपीठ पर सम्पूर्ण क्षेत्रवासी के साथ देश के कई स्थानों से भक्त मंदिर पहुंच रहे। मंदिर पर पर्व के प्रथम दिन से ही बड़ी संख्या में भक्त माता के दरबार पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को भी हजारों भक्त माता रानी के दर्शन को पहुंचे। माता भक्त नवरात्रि पर्व में शक्ति की भक्ति में लीन है। कोई पर्व के इन दिनों में उपवास की तपस्या कर रहा है, तो कोई नंगे पैर रहकर तपस्या में लीन है। कोई जाप कर रहा है तो कोई दर्शन मात्र से स्वयं को धन्य मान रहा है। नवरात्रि पर्व के दौरान नगर सहित अंचल के ग्रामों से बड़ी संख्या में चुनर यात्राएं भी माता मंदिर पहुंच रही है जहां उनके द्वारा पूरी आस्था एवं श्रद्धा के साथ मां के चरणों में चुनर समर्पित की जा रही है। शुक्रवार को एक दर्जन से भी अधिक चुनर यात्राएं माता मंदिर पहुंची। इन चुनार यात्राओं में बड़ी संख्या में माताएं अपने हाथों में चुनर थामे नंगे पैर माता रानी के जयकारे लगाते हुए चल रही थी। इन चुनर यात्राओं का पुष्प वर्षा कर पूरे मार्ग पर स्वागत किया गया।

श्री दादा गुरुदेव इकतीसा जाप का नौ दिवसीय महाअभियान आज से प्रारंभ होगा, पूजन 26 को



नलखेड़ा। मालवा की पावन वसुंधरा नीमच में स्थित विकास नगर के पवित्र प्रांगण में नौ दिवसीय संकट मोचन प्रगट प्रभावी श्री दादा गुरुदेव इकतीसा जाप का धार्मिक आयोजन 17 से 25 अक्टूबर तक लाभार्थी चौरड़िया परिवार के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें समाजजन बड़ी संख्या में प्रतिदिन रात्रि सवा घंटे तक सामूहिक गुरुदेव इकतीसा का पाठ करेंगे। श्री महावीर जिनालय विकास नगर में इस वर्ष परम पूज्य विचक्षण ज्योति मालव मणि प्रवर्तिनी महोदया चंद्रप्रभा श्रीजी महाराज साहब का सुशिष्या रत्न निधि श्रीजी, पुण्य निधि श्रीजी आदि ठाणा -5 का चातुर्मास बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो रहा है। साध्वी मंडल द्वारा श्री संघ में विभिन्न धर्म आराधना के साथ तपस्याऐ तथा विभिन्न धार्मिक गतिविधियां करवाई जा रही है। साध्वी मंडल की पावन प्रेरणा व निश्रा में आज शनिवार प्रातः 8 बजे मंदिर के समीप स्थित आराधना भवन में दादा गुरुदेव प्रतिमा तथा अखंड दीपक की स्थापना दादा गुरुदेव इकतीसा जाप के लाभार्थी विमल कुमारजी लीलाबाई चौरड़िया के सुपुत्र कमलकुमारजी - ज्योतिकाजी, पौत्र डॉक्टर रिद्धि वर्धन - डॉक्टर तुषिता, डॉक्टर सिद्धि वर्धन-सौ.वाणी एवं समस्त चौरड़िया परिवार के द्वारा की जावेगी। आराधना भवन में प्रतिदिन रात्रि 7.45 से 9.00 बजे तक समाजजन सामूहिक गुरुदेव इकतीसा का पाठ करेंगे। प्रतिदिन लकी ड्रा कूपन का वितरण भी होगा।

दो छात्रों का तीरंदाजी में राज्य स्तरीय प्रतियोगिया के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



शुजालपुर में गत दिनों हुई संभागीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में अंडर-14 आयु वर्ग में तीरंदाजी में नगर के दो खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए उनका चयन हुआ है। नगर के एक निजी स्कूल के तीन छात्रों द्वारा शुजालपुर में हुई संभागीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में तीरंदाजी में अपने खेल प्रशिक्षक अली अमजद खान के मार्गदर्शन में हिस्सा लिया था उनमें से छात्र आर्यन सोनी पिता रितेश सोनी एवं पुनीत जैन पिता अंकित जैन का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। इसमें आर्यन सोनी का मुख्य खिलाड़ी के रूप में एवं पुनीत जैन का स्टैंड बॉय के रूप में चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ी नर्मदापुरम में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। चयनित खिलाड़ियों के विद्यालय पहुंचने पर उनका सम्मान किया गया। साथ ही उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी गई।

नेत्र शिविर में 152 लोगों ने करवाया पंजीयन



नलखेड़ा। सरदार पटेल युवा संगठन गुदरावन एवं सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के संयुक्त तत्वावधान में 27 वा नेत्र शिविर में 152 लोगों ने जांच हेतु पंजीयन कराया जिसमें 23 का चयन ऑपरेशन हेतु किया गया। समीपस्थ ग्राम गुदरावन में 16 अक्टूबर को स्वर्गीय पटेल रामप्रसाद पाटीदार की स्मृति में उनके सुपुत्र फूलचंद पाटीदार द्वारा पाटीदार धर्मशाला में नेत्र शिविर आयोजित किया गया। जिसमें अनेक गांव से आये लोगों द्वारा नेत्रों की जांच करवाई गई। सभी नेत्र रोगियों की ब्लड प्रेशर तथा शुगर की भी जांच की गई। जिन लोगों का चयन मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए किया गया उन्हें बस द्वारा दोपहर 2 बजे उपरांत पाटीदार धर्मशाला से आनंदपुर के लिए रवाना किया गया। जहां उनका निशुल्क ऑपरेशन के साथ ठहरना भोजन दवाई चश्मा लेंस आदि सभी निशुल्क प्रदान किए जाएंगे। तथा ऑपरेशन के उपरांत पुनः बस द्वारा पाटीदार धर्मशाला गुदरावन तक छोड़ा जाएगा।



चांद सी शीतलता मन में, सूरज सा चमकता चेहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

आचार्य विजयराजजी म.सा. के जन्मदिन पर आयोजित की संगीतमय भजन संध्या



नगर की प्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्था ह्यदशपुर रंगमंचह्न द्वारा पूज्य आचार्य विजयराज महाराज साहब के जन्मदिन सप्ताह के पावन अवसर पर एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। भक्ति और संगीत से सराबोर इस संध्या में स्थानीय गायकों ने गुरु भक्ति से ओत-प्रोत एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। कार्यक्रम की मंगल शुरुआत सतीश सोनी ने ह्यगुरुदेव प्रणाम आपके चरणों में भजन से की। इसके पश्चात राजा भैया सोनी ने ह्यदुनिया से जो हारा आया तेरे द्वार गाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। संगीत की इस महफिल को आगे बढ़ाते हुए अभय मेहता ने ह्यचांद सी शीतलता मन में, सूरज सा चमकता चेहरा तथा पूजा दुग्गड ने गुरुवर, आप मेरे मोक्ष के दातार होह्न जैसे सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। इसी क्रम में दीपा मारू ने ह्यमेरी जिंदगी सवारी मुझको शरण में लाके और अनिता मारू ने ह्यगुरुवाणी से जिसका संबंध हो, उसको हर पल आनंद ही आनंदह्न गाकर गुरु महिमा का सुंदर बखान किया। वहीं स्वाति रिछावरा ने ह्यमेरी चौखट पे चल के आज चारों धाम आए हैं तथा ललिता मेहता ने ह्यगुरुवर ओ गुरुवर तू मेरे दिल का है श्रृंगार रेह्न प्रस्तुत कर संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस गरिमामय कार्यक्रम का संचालन अभय मेहता ने किया, जबकि कार्यक्रम के अंत में ललिता मेहता द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

पशु बांझपन निवारण व स्वास्थ्य शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ मन्दसौर



ग्रेसिम जनसेवा ट्रस्ट, नागदा के सहयोग से संचालित बाएफ लाइवलीहुड्स के एकीकृत पशुधन विकास केंद्र, देहटा के अंतर्गत ग्राम केशरपुरा में एक दिवसीय निःशुल्क पशु बांझपन निवारण एवं स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह पहल ग्रेसिम इकाई प्रमुख शांतनु कुलकर्णी के नेतृत्व तथा एस.के. सिंह और सतीश भुविर के मार्गदर्शन में ग्रामीण पशुपालकों के कल्याण एवं पशुधन स्वास्थ्य संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित की गई। शिविर का आयोजन पशुपालन विभाग के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास शर्मा के तकनीकी मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में क्षेत्र के पशुपालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर के दौरान ग्राम केशरपुरा के कुल 96 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा बीमारियों से बचाव एवं उपचार के लिए निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। बांझपन से प्रभावित पशुओं की विशेष जांच कर पशुपालकों को उचित चिकित्सकीय सलाह दी गई। शिविर में एक पशु का कृत्रिम गर्भाधान तथा एक पशु का गर्भ परीक्षण भी किया गया। इस शिविर का लाभ ग्राम के 36 पशुपालकों ने लिया। शिविर में नागदा क्षेत्र के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास शर्मा, बाएफ लाइवलीहुड्स के जिला कार्यक्रम अधिकारी एल.एस. राजपूत एवं केंद्र प्रभारी प्रकाश अहिरवार विशेष रूप से उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने पशुपालकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा उनके वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक समाधान बताए।

फाइनल में रतलाम को हराकर जीता संभागीय खिताब

महिला वॉलीबॉल में मंदसौर का शानदार विजय अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



संभाग स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। 15 अक्टूबर 2026 को आयोजित इस प्रतियोगिता में उज्जैन, रतलाम, नीमच, देवास, शाजापुर, मंदसौर एवं आगर मालवा की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ हॉर्टिकल्चर कॉलेज, मंदसौर के खेल अधिकारी प्रदीप तुरुकमाने ने किया। फाइनल मुकाबले में मंदसौर की टीम ने रतलाम को एकतरफा शिकस्त देकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। खिलाड़ियों के बेहतरीन तालमेल, अनुशासन और दमदार खेल प्रदर्शन ने टीम को खिताबी जीत दिलाई।

मंदसौर की छह खिलाड़ियों को वेस्ट जोन में खेलने का अवसर

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मंदसौर महाविद्यालय की छह महिला खिलाड़ियों का चयन आगामी वेस्ट जोन प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह उपलब्धि महाविद्यालय के साथ-साथ पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है। समापन समारोह में भारतीय जनता पार्टी खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक शांतिलाल मालवीय ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में महाविद्यालय के खेल अधिकारी राजू कुमार, दलौदा के रज्जाक मेव, गर्ल्स कॉलेज मंदसौर के मनीष पांचाल, मल्हारगढ़ के जितेंद्र सुरा, शामगढ़ के अंकेश सुरा एवं मानपुरा की खुशबू सिसोदिया सहित अन्य खेल अधिकारियों का सराहनीय सहयोग रहा।

डॉ. हिमांशु ने दिए मानसिक स्वास्थ्य सुधार के गुर

'सेवा-संकल्प अभियान' व 'करियर काउंसलिंग' के तहत मार्गदर्शन सेमिनार व वेबिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मंदसौर में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, मानसिक सशक्तिकरण एवं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु एक दिवसीय विशेष सेमिनार एवं राज्यस्तरीय वेबिनार का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य श्री के.सी. सोलंकी के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

'सेवा-संकल्प अभियान' के अंतर्गत आयोजित सेमिनार में सिविल हॉस्पिटल मंदसौर से आए डॉ. हिमांशु यजुर्वेदी ने प्रबुद्धजन के रूप में शिरकत की। डॉ. यजुर्वेदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए तनाव प्रबंधन मानसिक स्वास्थ्य, स्वास्थ्य प्रबंधन तथा आत्मविश्वास सुदृढ़ीकरण जैसे अति-महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा और दैनिक जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए मानसिक रूप से सुदृढ़ रहना आवश्यक है। सही समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच और नियमित दिनचर्या अपनाकर छात्र तनावमुक्त रहकर अपनी प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं।

वेबिनार के जरिए करियर काउंसलिंग से तालमेल

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में लोक शिक्षण संचालनालय एवं समग्र शिक्षा (सेकेंडरी एजुकेशन) मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित वेबिनार का सीधा प्रसारण विद्यालय की स्मार्ट बोर्ड स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया। इस वेबिनार के माध्यम से कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को ह्करियर काउंसलिंग से तालमेलह्न विषय पर विभिन्न क्षेत्रों में भविष्य निर्माण और करियर चयन की बारीकियों से अवगत कराया गया। इसके साथ ही पूर्व में प्रसारित ह्करियर काउंसलिंग का परिचयह्न सत्र का पुनः अवलोकन भी कराया गया। कार्यक्रम का संयोजन करियर काउंसलिंग प्रभारी सुरभि शर्मा (उच्चमाध्यमिक शिक्षक) द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में सहयोगी शिक्षक हरीश परिहार (उच्च माध्यमिक शिक्षक), अंतिम नाहर (उच्च माध्यमिक शिक्षक) एवं संजय प्रधान (संगीत शिक्षक) की उल्लेखनीय भूमिका रही। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन ज्योति गोस्वामी (उच्च माध्यमिक शिक्षक) द्वारा किया गया तथा अंत में सभी का आभार प्रदर्शन श्री बी.एल. जोशी द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

शंकरा आई सेंटर इंदौर के सौजन्य से होगा आयोजन

18 को निःशुल्क मोतियाबिंद जांच व ऑपरेशन शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में मानव सेवा और जनकल्याण की भावना को लेकर श्री राजीव लोचन धार्मिक समिति एवं सर्वकल्याण नलखेड़ा के तत्वावधान में शंकरा आई सेंटर इंदौर के सौजन्य से विशाल निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद से संबंधित उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। शिविर रविवार, 18 अक्टूबर को आयोजित होगा। इसके लिए आयोजकों द्वारा तैयारियां की जा रही हैं तथा अधिक से अधिक मरीजों से शिविर का लाभ लेने की अपील की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर का आयोजन रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सरस्वती शिशु मंदिर माधवकुंज में किया जाएगा। शिविर में मोतियाबिंद की आशंका वाले मरीजों की आंखों की जांच की जाएगी तथा जरूरत के अनुसार आगे के उपचार एवं ऑपरेशन के संबंध में मार्गदर्शन दिया जाएगा।

मरीज आधार कार्ड साथ लेकर आएं

शिविर में आने वाले सभी मरीजों से अपील की गई है कि वे अपना आधार कार्ड साथ लेकर आएं, ताकि आवश्यक पंजीयन एवं पहचान संबंधी प्रक्रिया में सुविधा रहे। आंखों में धुंधलापन, कम दिखाई देना अथवा मोतियाबिंद से संबंधित परेशानी महसूस करने वाले लोग शिविर में पहुंचकर अपनी जांच करवा सकते हैं। नेत्र शिविर को लेकर श्री राम संकीर्तन यात्रा के सदस्यों द्वारा क्षेत्र के नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह किया है कि वे अपने आसपास ऐसे जरूरतमंद मरीजों को शिविर की जानकारी दें, जिन्हें आंखों की जांच अथवा मोतियाबिंद के उपचार की आवश्यकता है। समय पर जांच होने से मरीजों को अपनी आंखों की स्थिति समझने और उचित उपचार के लिए आगे की प्रक्रिया अपनाने में मदद मिल सकती है।

पार्षद वंदना जायसवाल के सौजन्य से होगा आयोजन

श्री राजीव लोचन धार्मिक समिति एवं सर्वकल्याण नलखेड़ा के सदस्यों ने बताया कि इस शिविर का आयोजन पार्षद वंदना अशोक जायसवाल द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आंखें मानव जीवन का महत्वपूर्ण अंग हैं और आंखों से संबंधित परेशानी को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसे में क्षेत्र के नागरिक शिविर की जानकारी जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक मरीज जांच सुविधा का लाभ ले सकें। तथा मोतियाबिंद के ऑपरेशन की पात्रता, प्रक्रिया, उपलब्ध सुविधाओं एवं अन्य आवश्यक जानकारी के लिए मरीज शिविर में संबंधित चिकित्सा दल से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सभी मरीजों से निर्धारित समय पर पहुंचकर शिविर का लाभ लेने का अनुरोध भी किया है।

खबर संक्षेप

प्रमुख सचिव ने विद्यालयों का किया निरीक्षण



देवास। जिले में संचालित 'जन विश्वास अभियान' के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. संजय गोयल ने जिले के ग्रामीण अंचल के शासकीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में दर्ज संख्या के विरुद्ध उपस्थिति की स्थिति चिंताजनक पाई गई। माध्यमिक विद्यालय जगठा में कुल दर्ज 45 विद्यार्थियों में से 27 उपस्थित मिले, शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय थुरिया में दर्ज 142 विद्यार्थियों में से 85 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए, वहीं हाई स्कूल थुरिया में कुल 71 विद्यार्थियों में से 58 विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रमुख सचिव डॉ. गोयल ने विद्यालयों में विद्यार्थियों के घटते नामांकन और कम उपस्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी तथा संबंधित संस्था प्रधानों को नामांकन वृद्धि हेतु निरंतर मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।प्रमुख सचिव डॉ. गोयल ने नए शैक्षणिक सत्र में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए सभी शिक्षकों को जनवरी माह से ही घर-घर जाकर पालकों से सघन संपर्क करने के सख्त निर्देश दिए।

चौके-चूल्हे से कारोबार तक पहुंचीं लखपति दीदियां, कुसमानिया में गूंजा संदेश

विधायक, कलेक्टर ने हितग्राहियों को बांटे 1.34 करोड़ रुपए से अधिक के ऋण स्वीकृति पत्र

स्व-सहायता समूहों को सीएफएल के माध्यम से मिला 1.73 करोड़ रुपए का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत ग्राम कुसमानिया में आयोजित 'उद्योग संवाद' में ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता और स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। यहां स्व-सहायता समूहों से जुड़ी लखपति दीदियों ने अपनी सफलता की कहानियां साझा करते हुए बताया कि किस तरह उन्होंने चौके-चूल्हे से निकलकर कारोबार की दुनिया में अपनी पहचान बनाई। कार्यक्रम में विधायक आशीष शर्मा, कलेक्टर ऋतुराज सिंह और जिला पंचायत सीईओ नवनीत कुमार धुर्वे की उपस्थिति में 25 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत 1 करोड़ 34 लाख रुपये से अधिक के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। वहीं, सीएफएल के माध्यम से स्व-सहायता समूहों को लगभग 1 करोड़ 73 लाख रुपये का वितरण किया गया।

बताई सफलता की कहानी

उद्योग संवाद में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं ने बताया कि स्व-सहायता समूहों ने उन्हें आर्थिक मजबूती के साथ आत्मविश्वास और सामाजिक पहचान भी दी है। बैंक सखी के रूप में कार्यरत एक महिला ने बताया कि वह प्रतिमाह 20 से 25 हजार रुपये तक कमा रही हैं। वहीं, समा चौहान ने गृहिणी से उद्यमी बनने का सफर साझा करते हुए बताया कि वे जैविक दवाइयां बनाती हैं और किसानों को जैविक खेती के लिए प्रेरित करती हैं। अब तक लगभग 125 किसानों को मार्गदर्शन दे चुकीं क्षमा चौहान प्रतिमाह 20 से 25 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर रही हैं।

जैविक उत्पादों के बाजार और उद्योग के लिए जगह की मांग

उद्यमी शीतल जलोदिया ने बताया कि उद्यानिकी विभाग के सहयोग से उन्होंने लगभग 530 पौधों का फलोद्यान विकसित किया है। जैविक खेती के लिए उन्होंने 80 हजार रुपये का ऋण लिया है, लेकिन जैविक उत्पादों के लिए उपयुक्त बाजार उपलब्ध नहीं होने से परेशानी हो रही है। उन्होंने टेक्सटाइल वर्क प्लांट स्थापित करने के लिए स्थान उपलब्ध कराने की मांग भी रखी। वहीं, उद्यमी उदित जोशी का प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत मल्टीग्रेन उत्पाद तैयार करने के लिए ऋण स्वीकृत हुआ है।

बेहतर बिजनेस प्लानिंग पर कलेक्टर ने दिया जोर

कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने महिला उद्यमियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं अपने कौशल और मेहनत से विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने आय-व्यय का आकलन, लाभ की गणना और बेहतर बिजनेस प्लानिंग के साथ व्यवसाय संचालित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नए स्टार्टअप और मौजूदा व्यवसायों के विस्तार के लिए बैंक ऋण तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को सफल उद्यमों का भ्रमण कराने और महिलाओं को नई तकनीक व व्यावसायिक तरीकों से परिचित कराने के निर्देश भी दिए।

शिक्षा, कृषि और व्यवसाय के लिए ऋण स्वीकृत

कार्यक्रम में शिक्षा, कृषि, वाहन, खाद्य प्रसंस्करण और स्वरोजगार सहित विभिन्न जरूरतों के लिए ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इनमें शिक्षा के लिए कृष्णा कनोजिया को 3.34 लाख और सक्षम को 7.50 लाख रुपये, वाहन एवं कृषि संबंधी जरूरतों के लिए कई हितग्राहियों को ऋण स्वीकृत किए गए। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और पीएमएफएमई के तहत भी सहायता दी गई। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर संजीव जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौम्या जैन, विभिन्न विभागों के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि, स्थानीय उद्यमी और स्व-सहायता समूहों की महिलाएं मौजूद रहीं।

चर्चा के बाद बीएमएस का 26 अक्टूबर का आंदोलन स्थगित

विभागवार बैठकों के सीएम ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्य प्रदेश कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के प्रदेश महामंत्री लोकेश विजयवर्गीय ने बताया किभारतीय मजदूर संघ द्वारा श्रमिकों एवं कर्मचारियों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर 26 अक्टूबर 2026 को प्रस्तावित प्रदेशव्यापी आंदोलन स्थगित कर दिया गया है। 15 अक्टूबर को मध्यप्रदेश शासन स्तर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर के नेतृत्व में श्रमिकों एवं कर्मचारियों की 79 सूत्रीय मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई।

सरकार की ओर से मांगों के निराकरण के लिए समयबद्ध विभागीय बैठकें आयोजित करने का आश्वासन दिए जाने के बाद आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया गया।बैठक में सरकार और भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल के बीच सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में चर्चा हुई। बैठक में मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ला, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एंदल सिंह कंसाना तथा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल उपस्थित रहे। इसके अलावा मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव दीपाली रस्तोगी, श्रम विभाग के सचिव रघुराज राजेंद्र, मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में शामिल हुए। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ असंगठित, संगठित, निजी, सरकारी एवं गैर-सरकारी क्षेत्रों से जुड़े 40 महासंघों के महामंत्रियों ने सहभागिता की। प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में श्रमिकों एवं कर्मचारियों को आ रही समस्याओं को प्रमुखता से रखा। शासन की ओर से भारतीय मजदूर संघ की 79 सूत्रीय मांगों पर बिंदुवार चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को मांगों के त्वरित एवं सकारात्मक निराकरण के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। आगामी विभागीय बैठकों में मांगों पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से मिले आश्वासन, सहमति और समयबद्ध विभागीय वार्ताओं को देखते हुए 26 अक्टूबर को प्रस्तावित प्रदेशव्यापी आंदोलन स्थगित किया गया है।

अमलतास मेडिकल कॉलेज में विश्व एनाटॉमी दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अमलतास मेडिकल कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में 'विश्व एनाटॉमी दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर अमलतास मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया ने अपना संदेश देते हुए कहा कि चिकित्सा शिक्षा में एनाटॉमी (शरीर रचना विज्ञान) की भूमिका नींव का पत्थर की तरह है। जब तक एक विद्यार्थी मानव शरीर की संरचना को गहराई से नहीं समझता, तब तक वह एक सफल चिकित्सक नहीं बन सकता। विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. आर.के. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि एक कुशल डॉक्टर बनने के लिए मानव शरीर रचना विज्ञान (एनाटॉमी) का गहन ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं ने पोस्टर, वॉल पेंटिंग, रंगोली, फेस पेंटिंग तथा टी-शर्ट पेंटिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में अस्पताल निदेशक डॉ. प्रशांत, एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. एम.एल. करखायले सहित फिजियोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री एवं माइक्रोबायोलॉजी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं संकाय सदस्य उपस्थित थे। अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया तथा संस्थान के डीन डॉ. ए.के. पीठवा ने आभार माना।

माता टेकरी पर उमड़ रहा आस्था का सैलाब 6 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में इन दिनों शारदीय नवरात्रि महोत्सव की धूम मची हुई है। मां तुलजा भवानी और मां चामुंडा के दर्शन के लिए माता टेकरी पर श्रद्धालुओं की कतारें लगातार बढ़ रही हैं। नवरात्रि की शुरुआत से अब तक लगभग 6 लाख से अधिक श्रद्धालु माता टेकरी पहुंचकर दर्शन कर चुके हैं। दिन-प्रतिदिन बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या के बीच शनिवार और रविवार को संभावित भीड़ को देखते हुए प्रशासन और यातायात पुलिस ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं की संख्या के अनुसार यातायात व्यवस्था के चार प्लान तैयार किए गए हैं। सामान्य भीड़ रहने पर मौजूदा व्यवस्था के तहत यातायात संचालित किया जाएगा। भीड़ बढ़ने पर पार्किंग स्थल बढ़ाने, ड्रॉप गेट पर वाहनों को रोकने और आवश्यकता पडऩे पर शहर के बाहरी हिस्सों में ही वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने की योजना बनाई गई है। इसका उद्देश्य माता टेकरी के आसपास जाम की स्थिति बनने से रोकना और श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराना है। नवरात्रि के दौरान यातायात व्यवस्था संभालने के लिए एएसपी, डीएसपी, तीन थाना प्रभारियों सहित 66 जवानों की तैनाती की गई है। वीकेंड पर लगभग 150 अतिरिक्त जवान उपलब्ध कराए जाएंगे। स्टेशन चौराहा, उज्जैन चौराहा, सिविल लाइन चौराहा, कैलादेवी चौराहा, मधुमिलन चौराहा, गजरा गियर्स चौराहा, बीमा चौराहा, रसूलपुर चौराहा, भोपाल बायपास और मक्सी बायपास सहित प्रमुख स्थानों पर ड्रॉप गेट लगाए जाएंगे। भीड़ बढऩे पर इन स्थानों से वाहनों की आवाजाही नियंत्रित की जाएगी।

विक्रांत क्लब द्वारा 17 को होगा विशाल भंडारा

देवास। विक्रांत क्लब द्वारा पिछले 22 वर्षों से भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमा की स्थापना की जा रही थी। वहीं, पिछले 9 वर्षों से माता रानी की भव्य चुनरी यात्रा निकाली जा रही थी। इसी धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष से विक्रांत क्लब के तत्वावधान में भव्य भंडारे का आयोजन भी प्रारंभ किया जा रहा है। विक्रांत क्लब के अध्यक्ष विशाल रघुवंशी (चिंटू) ने बताया कि क्लब द्वारा इस वर्ष से भंडारे की शुरुआत की जा रही है, ताकि धार्मिक आयोजनों के साथ सेवा और समर्पण की भावना को भी आगे बढ़ाया जा सके। भंडारे का आयोजन 17 अक्टूबर, शनिवार को शाम 7.30 बजे, जय प्रकाश मार्ग, पीठा रोड, जबरेश्वर मंदिर के सामने होगा।

विधायक और कलेक्टर ने आदिवासी कन्या आश्रम शाला का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

विधायक आशीष शर्मा और कलेक्टर ऋतु राज सिंह ने कुसमानिया स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती आदिवासी कन्या आश्रम शाला का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आश्रम में रह रही छात्राओं से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान छात्राओं ने कविताएं भी सुनाई।विधायक शर्मा एवं कलेक्टर सिंह ने छात्राओं से चर्चा कर उनके शिक्षण स्तर, दैनिक व्यवस्थाओं और आश्रम में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आश्रम के रसोई घर का भी अवलोकन किया। उन्होंने छात्राओं को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की स्वयं जांच की और मेन्यू के अनुसार पौष्टिक व स्वच्छ भोजन देने के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत नवीत कुमार धुर्वे, एडीएम संजीव जैन और एएसपी सौम्या जैन सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

दीपावली पर श्रमिकों को नकद राशि के बजाय उपहार देने की मांग

देवास। सेनेटरी एवं सिरामिक श्रमिक संघ ने रोका बाथरूम प्राइवेट लिमिटेड, के श्रमिकों की मांग पर दीपावली के अवसर पर नकद राशि के बजाय उपहार दिए जाने की मांग की है। इस संबंध में भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष धनंजय गायकवाड़ ने श्रम कार्यालय में प्रतिनिधित्व कर रहे अमित दोडवे को आवेदन सौंपकर श्रमिकों की मांग से अवगत कराया। धनंजय गायकवाड़ ने बताया कि रोका बाथरूम प्राइवेट लिमिटेड में कंपनी द्वारा प्रतिवर्ष दीपावली के अवसर पर श्रमिकों को उपहार के रूप में 1,450 रुपये की नकद राशि दी जाती है। इस वर्ष श्रमिकों की मांग है कि नकद राशि के स्थान पर समान राशि का उपहार प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति में उपहार को सम्मान और आत्मीयता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। ऐसे में दीपावली जैसे पर्व पर श्रमिकों को नकद राशि के बजाय उपहार दिए जाने की व्यवस्था होनी चाहिए। धनंजय गायकवाड़ ने बताया कि इस विषय को लेकर शीघ्र ही प्रदेश के श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल को पत्र लिखकर मांग की जाएगी कि मप्र में स्थित कंपनियों में कार्यरत श्रमिकों को दीपावली के अवसर पर उपहार दिए जाने का नियम लागू किया जाए।

50 लाख के सीसी रोड निर्माण का हुआ भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मौरासा

नगर में विकास कार्यों को गति देते हुए वार्ड क्रमांक 9, 10 और 11 में करीब 50 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा। सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने जनप्रतिनिधियों और नगर परिषद के अधिकारियों की उपस्थिति में निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक डॉ. सोनकर के साथ अनिल चावड़ा, संजय जोशी, जय सिंह राणा, यशवंत सिंह राजपूत, छोटूलाल लोधी, सचिन यादव, विनोद डोडिया, सुरेश मालवीय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। नगर परिषद सीएमओ प्रमिला ठाकुर भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं। इस अवसर पर विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने कहा कि वार्ड क्रमांक 9, 10 और 11 में कांग्रेस के पार्षद होने के बावजूद विकास कार्यों में कोई बाधा नहीं आने दी गई है। उनके अनुसार, नगर में विकास कार्य दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कराए जा रहे हैं।नगर परिषद सीएमओ प्रमिला ठाकुर ने बताया कि करीब 50 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 9, 10 और 11 की गलियों में सीसी रोड निर्माण कराया जाएगा।

संस्था मां शारदा ने निकाली चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मौरासा



शारदीय नवरात्रि की षष्ठी के अवसर पर संस्था मां शारदा इंदौर के तत्वावधान में नगर में भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा में बग्गी पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों में सजी नन्ही बालिकाएं आकर्षण का केंद्र रहीं। चुनरी यात्रा का शुभारंभ चौधरी धर्मशाला, पुरानी कचहरी से हुआ। यहां से यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शक्ति माता मंदिर पहुंची। विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक जागरूकता का संदेश भी दिया गया। जिले में कम वर्षा के कारण तालाबों में पानी की कमी को देखते हुए यात्रा के आगे चल रहे वाहन के माध्यम से जल संरक्षण और नशामुक्ति का प्रचार किया गया। फ्लेक्स और होर्डिंग के जरिए 'जल है तो कल है', 'पानी बचाओ, क्योंकि हर बूंद की कीमत है' जैसे संदेश दिए गए। वहीं, नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए 'शराब करती है खराब' और 'नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो' जैसे संदेश भी प्रसारित किए गए। संस्था मां शारदा की अध्यक्ष जया द्विवेदी और प्रमोद कुमार द्विवेदी ने यात्रा में शामिल सभी महिलाओं और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

गोकुल शर्मा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर नगर के मुख्य मार्ग स्थित सार्वजनिक मंच पर आयोजित भव्य भजन संध्या में राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। संध्याकालीन आरती के पश्चात शुरू हुआ भजनों का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लिया और भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। इस अवसर पर विधायक डॉ. राजेश सोनकर, बहादुर सिंह पिलवानी एवं राधेश्याम गजेश्वर, कृष्णपाल सिंह बघेल, विजेन्द्र सिंह, हरेंद्र सिंह , निरंजन सिंह सेंगर, महेश पाटीदार, नीतू रेकवाल,अभिषेक शर्मा, हितेश जाजू, राहुल दरबार, राहुल धाकड़,सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

राजाराम नगर में नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर समिति की पहल

मंदिर से ध्वनि विस्तारक हटाकर पेश की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर, राजाराम नगर में पिछले 35 वर्षों से जनसहयोग के माध्यम से नवरात्रि महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। धार्मिक आस्था और भारतीय संस्कृति की परंपरा को आगे बढ़ाने के साथ आयोजन समिति ने जनसुविधा को प्राथमिकता देते हुए ध्वनि प्रदूषण कम करने की दिशा में सराहनीय पहल की है। समिति ने गलियों और छतों पर लगाए गए सभी ध्वनि विस्तारकों को हटा दिया है, ताकि रहवासियों को अनावश्यक शोर से परेशानी न हो।समिति ने यह निर्णय विशेष रूप से बीमार व्यक्तियों, बुजुर्गों, छोटे बच्चों और विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया है। नवरात्रि के दौरान धार्मिक आयोजनों में उत्साह और भक्ति का वातावरण बना रहता है, लेकिन तेज आवाज के कारण आसपास रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य, आराम और पढ़ाई में परेशानी हो सकती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए समिति ने ध्वनि विस्तारकों को हटाने का कदम उठाया।आस्था के साथ जनसुविधा को प्राथमिकताश्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर की आयोजन समिति पिछले 35 वर्षों से जनसहयोग के माध्यम से नवरात्रि महोत्सव की परंपरा को निरंतर आगे बढ़ा रही है। समिति का प्रयास है कि धार्मिक आयोजन की गरिमा और सांस्कृतिक परंपराएं कायम रहें, साथ ही नगरवासियों को भी शांतिपूर्ण वातावरण मिले। समिति की इस पहल को धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है। इससे यह संदेश भी मिलता है कि त्योहारों की खुशियों के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग की सुविधा और संवेदनशीलता का ध्यान रखना जरूरी है। समिति का मानना है कि धार्मिक आयोजन केवल पूजा-पाठ और उत्सव तक सीमित नहीं होते, बल्कि वे सामाजिक सद्भाव, आपसी सहयोग और जनकल्याण की भावना को मजबूत करने का अवसर भी होते हैं। इसी सोच के साथ राजाराम नगर में नवरात्रि महोत्सव की 35 वर्षों पुरानी परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है।

एडवांस्ड एकेडमी में गरबा महोत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार को शहर की संस्था एडवांस्ड एकेडमी में ओपन गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संचालक कृष्णपाल सिंह चौहान, प्राचार्या प्रीति सोनी एवं वरिष्ठ शिक्षक योगेश उपाध्याय ने मां सरस्वती और मां दुर्गा का विधिवत पूजन एवं आरती कर किया।महोत्सव के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक फैंसी ड्रेस प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। बच्चे भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता, भगवान शिव-पार्वती, नारद जी, मां महाकाली, मां दुर्गा एवं महात्मा गांधी के स्वरूप में नजर आए। इसके पश्चात बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में एक से बढ़कर एक गरबा नृत्य प्रस्तुत किए। रंग-बिरंगी पोशाकों और उत्साह से भरी प्रस्तुतियों को उपस्थितजनों ने खूब सराहा।

अंतरराष्ट्रीय महिला किसान दिवस पर किया कार्यक्रम का आयोजन

महिला किसानों को वैज्ञानिक खेती और मूल्य संवर्धन से आय बढ़ाने के बताए गुर

पांच प्रगतिशील महिला कृषक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



अंतरराष्ट्रीय किसान वर्ष-2026 के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र खिरिया मिश्र में अंतरराष्ट्रीय महिला किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आई महिला कृषकों को कृषि, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, किचन गार्डेन और खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से आय बढ़ाने की जानकारी दी गई। खेती-किसानी के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं प्रगतिशील कार्य करने वाली पांच महिला कृषकों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद स्तरीय महिला नोडल अधिकारी एवं भूमि संरक्षण अधिकारी उपमा गौतम ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने महिला कृषकों का स्वागत करते हुए परिवार और समाज के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उपमा गौतम ने कहा कि परिवार और समाज की प्रगति के लिए महिलाओं का शिक्षित एवं आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। उन्होंने महिला किसानों से अपने बच्चों, विशेषकर बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। साथ ही बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने और बेटियों का विवाह निर्धारित उचित उम्र में ही करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिलाएं कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करें। वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर महिलाएं खेती-किसानी में अपनी भागीदारी बढ़ा सकती हैं और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

इसमें वरिष्ठ प्राविधिक सहायक वर्ग-1 रिशु उपाध्याय ने महिलाओं के एकत्रीकरण तथा परिवार और समाज में उनकी सशक्त भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को संगठित होकर अपनी क्षमताओं का विकास करने के लिए प्रेरित किया। कृषि वैज्ञानिक सरिता देवी ने महिला कृषकों को घरों में किचन गार्डेन तैयार करने के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने घरों में पौष्टिक सब्जियां उगाने के साथ अचार, मुरब्बा और अन्य खाद्य प्रसंस्कृत उत्पाद तैयार कर अतिरिक्त आमदनी अर्जित कर सकती हैं। कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन करके किसान परिवार अपनी आय बढ़ाने की दिशा में कदम उठा सकते हैं। वहीं, कृषि वैज्ञानिक अनुज गौतम ने उन्नत पशुपालन और दुग्ध उत्पादन से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने पशुपालन में वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने तथा दुग्ध उत्पादन के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान महिला किसानों ने खेती-किसानी से जुड़े अपने अनुभव, उपलब्धियां और समस्याएं साझा कीं। उपस्थित विभागीय अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों ने उनकी समस्याओं को सुनते हुए मौके पर ही उनके निस्तारण का प्रयास किया। महिलाओं को कृषि संबंधी प्रशिक्षण और विभागीय योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।

समापन पर कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं प्रगतिशील कार्य करने वाली पांच महिला कृषकों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली महिला कृषकों में ग्राम महेशपुरा की कलावती पत्नी रमेश प्रसाद, विशाखा देवी पत्नी अमर सिंह और उर्मिला पत्नी खेमचन्द्र शामिल रहीं। इसके अलावा ग्राम ककरूवा निवासी फूलाबाई पत्नी छक्कीलाल तथा ग्राम बरखेरा निवासी रामकुंवर पत्नी धर्मलाल को भी सम्मानित किया गया। संचालन प्राविधिक सहायक वर्ग-सी श्रुति मिश्रा ने किया। अंत में उप कृषि निदेशक ने उपस्थित अधिकारियों, कृषि वैज्ञानिकों और महिला कृषकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

मोहल्लेवासियों की कार्रवाई की मांग

ठप डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन 400 मीटर दूर फेंकने जा रहे

संचारी रोग नियंत्रण अभियान पर उठे सवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर पालिका परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 23 गोविंदनगर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था प्रभावित होने से मोहल्लेवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, घरों से कचरा उठाने वाली गाड़ी खराब होने के बाद नियमित कचरा संग्रहण नहीं हो पा रहा है। इसके चलते लोगों को अपने घरों का कचरा करीब 400 मीटर दूर जाकर फेंकना पड़ रहा है। इस स्थिति से जहां लोगों को असुविधा हो रही है, वहीं साफ- सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं।

वार्ड नंबर 23 के मोहल्लेवासियों के अनुसार, गोविंदनगर में पहले कचरा संग्रहण के लिए आने वाली गाड़ी खराब हो गई है। इसके बाद दूसरी गाड़ी संचालित हो रही है, लेकिन वह चौकाबाग, शांति नगर सहित अन्य क्षेत्रों में कचरा लेने पहुंचती है। गोविंदनगर में नियमित रूप से गाड़ी नहीं आने के कारण मोहल्लेवासियों को खुद कचरा दूर ले जाकर फेंकना पड़ रहा है। जब इस समस्या को लेकर स्वास्थ्य नायक कुंजबिहारी बाबरा से बात की गई तो उन्होंने कथित तौर पर बताया कि दूसरी गाड़ी को मात्र आठ लीटर डीजल मिलता है, इसलिए गोविंदनगर में गाड़ी नहीं भेजी जा सकती। इस जवाब से मोहल्लेवासियों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि नियमित कचरा संग्रहण की सुविधा उपलब्ध कराना नगर पालिका की जिम्मेदारी है और इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए। मोहल्ले वालों ने यह भी आरोप लगाया कि समस्या के संबंध में बातचीत के दौरान स्वास्थ्य नायक ने मोहल्लेवासियों से कथित तौर पर दबंगई भरे अंदाज में कहा कि जहां शिकायत करनी है कर लो, उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। इस कथित बयान से स्थानीय लोगों में रोष है। हालांकि, इस संबंध में संबंधित कर्मचारी का पक्ष सामने आना बाकी है।

एक ओर संचारी रोगों की रोकथाम के लिए साफ-सफाई और स्वच्छता पर जोर दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर गोविंदनगर में नियमित कचरा संग्रहण नहीं होने की शिकायत सामने आई है। मोहल्लेवासियों को आशंका है कि यदि कचरा समय पर नहीं उठाया गया तो गंदगी की समस्या बढ़ सकती है। मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी से मामले का संज्ञान लेकर गोविंदनगर में नियमित डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन शुरू कराने, खराब गाड़ी को दुरुस्त कराने अथवा वैकल्पिक वाहन की व्यवस्था करने तथा लगाए गए आरोपों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। अब देखना होगा कि नगर पालिका प्रशासन इस समस्या के समाधान के लिए क्या कदम उठाता है।

70वीं मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता

लक्ष्य प्राप्त होने तक निरंतर मेहनत करें, खेलों से होता विकासः डीएम



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला स्पोट्स स्टेडियम ललितपुर में शुक्रवार को 70वी मण्डलीय विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2026-27 का भव्य शुभारंभ हुआ। राजकीय इण्टर कॉलेज ललितपुर के संयोजन में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह को उल्लाषपूर्ण बना दिया। झांसी मण्डल के जनपद झांसी, ललितपुर एवं जालौन के सैकड़ों छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी खेत प्रतिभा, दमखम और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व के विकास का सशक्त माध्यम है, खेलों से शरीर स्वस्थ एवं मजबूत बनता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। खेल न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ाते हैं, बल्कि मानसिक मजबूती, अनुशासन, एकाग्रता और आत्म विश्वास को भी विकसित करते हैं। इन गुणों के माध्यम से विद्यार्थी अपने जीवन के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत करते रहें, सफलता के लिए लगन, अनुशासन और दृढ़संकल्प के साथ प्रयास करना आवश्यक है। उन्होंने सभी प्रतियोगी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने तथा अपनी श्रेष्ठ क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे विद्यार्थियों की सुविधाओं का रखें विशेष ध्यान

जिला विद्यालय निरीक्षक एवं प्रतियोगिता संयोजन ओम प्रकाश ने आयोजन से जुड़ी पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास, उत्साह और समर्पण से प्रतियोगिता का आयोजन बेहतर ढंग से किया जा रहा है। उन्होंने प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों से अपील की कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों का पूरा ध्यान रखें। विशेष रूप से झांसी एवं जालौन जनपदों से आये छात्र-छात्राओं की सुविधाओं, खान-पान, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि किसी विद्यार्थी को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि खेत प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, आपसी सहयोग और खेल भावना को प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए आयोजन को सफल बनाने में जुटे अधिकारियों, प्रधानाचार्यों, शिक्षकों एवं आयोजन समिति के सदस्यों के प्रयासों की सराहना की।

तीन दिन तक चलेंगी विभिन्न एथलेटिक्स प्रतिस्पर्धाएं

आयोजन समिति के अनुसार प्रतियोगिता 16, 17 एवं 18 अक्टूबर 2026 तक आयोजित की जायेंगी, प्रतियोगिता के प्रथम दिन 100 मीटर एवं 200 मीटर दौन, लम्बी कूद, गोला फेक सहित विभिन्न आयुवर्गों की स्पर्धाएं आयोजित की गईं। खिलाड़ियों के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कड़ा मुकाबला देखने को मिला। आयोजन को सुव्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 18 अक्टूबर को अपराह्न 1 बजे प्रस्तावित है। समारोह में संयुक्त शिक्षा निदेशक झांसी मण्डल एवं प्रतियोगिता अध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा, आयोजक व प्रधानाचार्य रा0इ0का0 सुरेन्द्र कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक झांसी रति वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जालौन राजकुमार पण्डित, मण्डलीय क्रीड़ा सचिव झांसी मण्डल अजय कुमार सिंह, जनपदीय क्रीड़ा सचिव महेन्द्र पटेल तथा जनपद क्रीड़ा सचिव झांसी अजय रजक सहित सम्बंधित अधिकारी, शिक्षक एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

सीमा चिन्ह लगाए थे, एसडीएम कोर्ट से हुई हदबंदी के पत्थर उखाड़ खेत पर कब्जा का आरोप

ललितपुर। महरौनी थाना क्षेत्र में जमीन की विधिवत हदबंदी के बाद लगाए गए सीमा चिह्न उखाड़कर खेत जोतने और अवैध कब्जा करने का मामला सामने आया है। ग्राम लरगन निवासी एक महिला ने तीन लोगों पर न्यायालय के आदेश से निर्धारित जमीन की सीमा के पत्थर उखाडने और खेत पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। तहरीर पर महरौनी पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम लरगन निवासी गीता पत्नी कल्याण सिंह ने पुलिस को दी लिखित शिकायत में बताया कि मौजा बम्हौरी बलीराम स्थित उनकी कृषि भूमि आराजी संख्या 195, जिसका रकबा 2.224 हेक्टेयर है, की हदबंदी उपजिलाधिकारी न्यायालय महरौनी में वाद के तहत कराई गई थी। पीड़िता के अनुसार, न्यायालय के आदेश पर तीन दिसंबर 2024 को हदबंदी की प्रक्रिया पूरी हुई थी। इसके बाद दो जून 2026 को राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर लेखपाल और कानूनगो की मौजूदगी में जमीन की सीमा निर्धारित करते हुए पत्थरगड्डी एवं एंगिल लगाकर सीमांकन चिह्न स्थापित किए थे। गीता का आरोप है कि 10 अक्टूबर 2026 को ग्राम मुडय़ाी सैदपुर निवासी राघवेन्द्र सिंह, अर्जुन सिंह और रघुवीर सिंह ने उनकी आराजी संख्या 195 पर लगाए गए सीमांकन के पत्थर उखाड़ दिए और खेत को जोत लिया। पीड़िता के मुताबिक, इसके बाद 12 अक्टूबर 2026 को आरोपियों ने जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया। महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि न्यायालय के आदेश पर निर्धारित की गई जमीन की सीमा के साथ छेड़छाड़ कर उनकी कृषि भूमि पर कब्जा किया गया है।

पुलिस लाइन में 14वीं अंर्तजनपदीय मलखंभ प्रतियोगिता का शुभारंभ

एसपी ने किया उद्घाटन, नौ टीमों के खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

18 तक चलेगी तीन दिवसीय प्रतियोगिता

रिजर्व पुलिस लाइन्स में शुक्रवार को 14वीं अंर्तजनपदीय मलखंभ प्रतियोगिता-2026 का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। 16 से 18 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। उद्घाटन अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि एसपी को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद प्रतियोगिता के शुभारंभ की औपचारिक अनुमति प्रदान की गई। सभी प्रतिभागी खिलाडिय़ों ने बैंड की धुन पर राष्ट्रीय धुन के साथ मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया। पुलिस अधीक्षक ने खिलाडिय़ों के अभिवादन को स्वीकार करते हुए परेड का मान-प्रणाम ग्रहण किया। प्रतियोगिता में कानपुर जोन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न जनपदों की टीमों सहित कुल नौ टीमों के प्रतिभाग करने की जानकारी दी गई है। इनमें कानपुर नगर, कानपुर देहात, जालौन, कन्नौज, इटावा, औरैया, फतेहगढ़, झांसी तथा मेजबान ललितपुर की टीमें



शामिल हैं। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ी मलखंभ में अपने कौशल, शारीरिक संतुलन, शक्ति, लचीलापन और अभ्यास का प्रदर्शन करेंगे।

शुभारंभ पर पुलिस अधीक्षक ने सभी टीमों के कोच और खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने खिलाडिय़ों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने तथा अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने खिलाडिय़ों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित यह प्रतियोगिता 18 अक्टूबर 2026 तक चलेगी। समापन समारोह में विजेता टीमों, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडिय़ों और अन्य प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान एएसपी कालू सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, विभिन्न टीमों के मैनेजर, कोच और खिलाड़ी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के आयोजन से पुलिसकर्मियों में खेल भावना, अनुशासन और शारीरिक दक्षता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

काशीराम कॉलोनी के पास युवक के साथ गाली-गलौज व मारपीट कर धमकी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना कोतवाली क्षेत्र के काशीराम कॉलोनी के पास एक युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद महिलाओं सहित पांच से छह अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुहल्ला गोविंद नगर रावतयाना निवासी भूपेंद्र पाल पुत्र बालकिशन ने कोतवाली पुलिस को दी लिखित शिकायत में बताया कि 10 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब 11 बजे वह काशीराम कॉलोनी के पास बैठा हुआ था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली एक महिला, अपनी महिला साथियों व अपने साथ पांच से छह अज्ञात लोगों को लेकर वहां पहुंचीं। आरोप है कि मौके पर पहुंचे लोगों ने उससे कहा कि यदि उसने उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तो उसे जान से मार दिया जाएगा। इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

आरोपियों ने पुलिस या किसी अन्य कानूनी प्रक्रिया का सहारा लेने पर दोबारा जान से मारने की धमकी दी और मौके से चले गए। घटना के बाद भूपेंद्र पाल ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

जान से मारने की धमकी देने का आरोप

गाली-गलौज का विरोध करने पर तीन लोगों ने घर में घुसकर मां-बेटे पर डंडों से हमला किया

ललितपुर। थाना सौजना क्षेत्र के ग्राम बंजरया में पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर युवक और उसकी मां के साथ लाठी-डंडों से मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गाली-गलौज का विरोध करने पर तीन लोगों ने युवक पर हमला कर दिया। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा और उनके साथ भी मारपीट की। शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बंजरया निवासी जमुना कुशवाहा पुत्र फुल्ली कुशवाहा ने थाना सौजना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 अक्टूबर 2026 को दोपहर करीब दो बजे उनका बेटा सुखदीन घर पर मौजूद था। इसी दौरान गांव के निवासी रंजन पुत्र मररा, भज्जू पुत्र मररा कुशवाहा और मररा पुत्र फुल्ली कुशवाहा वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। जब सुखदीन ने गाली-गलौज का विरोध किया तो तीनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि उन्होंने लाठी-डंडों से हमला कर उसे घायल कर दिया। बेटे की चीख-पुकार सुनकर जमुना कुशवाहा की पत्नी बीच-बचाव करने पहुंचीं तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। आरोप है कि मारपीट करने के बाद आरोपी मां-बेटे को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

बजरंग सेना ने किया कार्यक्रम, माता को चुनरी ओढ़ाई

नव दुर्गा की पंचमी पर कन्या पूजन हनुमान चालीसा पाठ किया

ललितपुर। बजरंग सेना जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों ने नई बस्ती पुरानी चौकी के पास मां काली की झांकी पर पहुंचकर माता को चुनरी ओढ़ाई। संगठन के सभी पदाधिकारियों ने नौ कन्याओं को तिलक लगाकर माल्यापर्ण करते हुए चुनरी भेंट कर प्रसाद वितरण किया। तत्पश्चात डॉक्टर दीपक पस्तोर ने माता की झांकी में उपस्थित सभी भक्तगणों, मातृशक्तियों, भाई-बहन, बच्चों आदि के साथ श्री हनुमान चालीसा जी का पाठ किया। सभी श्रद्धालुजनों ने पूरी श्रद्धा और भक्तिभाव से श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। जिला उपाध्यक्ष अंकुर जैन ने बताया कि नव दुर्गा में ऐसे आयोजन करने से हमारे हिन्दू धर्म संस्कृति की भावना लोगों के अंदर मजबूत होती है।

जिला संगठना महामंत्री संतोष कुशवाहा ने



बताया कि बजरंग सेना संगठन लगातार हर वर्ष ऐसे आयोजन करता है और आगे भी धर्म जागृति के लिए सदैव तत्पर रहेगा। इस आयोजन में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर, जिला सह संयोजक संजू सेन बुढवार,जिला वरिष्ठ की उपाध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष अंकुर जैन, जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र नायक, जिला महामंत्री राजाराम साहू, जिला महामंत्री संगठन संतोष कुशवाहा, नगर प्रभारी विवेक रिछारिया, रिक्की जैन पटना, राधे गोस्वामी दीपक, रानू नामदेव, विनोद जायसवाल,आदि सभी भक्तगण उपस्थित रहे।

शारदा माता मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, चुनरी ओढ़ाई

झांकियों और पंडालों से निकाली चुनरी यात्रा, कन्याओं की प्रस्तुति ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शारदीय नवरात्रि की पंचमी के पावन अवसर पर तालाबपुरा स्थित शारदा माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने माता रानी को चुनरी, श्रृंगार सामग्री, फल-फूल अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। माता रानी के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा और वातावरण भक्तिमय बना रहा। नवरात्रि के अवसर पर नगर के विभिन्न झांकी स्थलों और पंडालों से श्रद्धालुओं ने धूमधाम से चुनरी



यात्रा निकाली। भक्तजन भक्ति भाव के साथ चुनरी लेकर शारदा माता मंदिर पहुंचे और माता रानी को चुनरी अर्पित कर दर्शन-पूजन किया। श्रद्धालुओं ने आरती उतारकर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर में छोटी-छोटी कन्याओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो गए। मंदिर में पूरे दिन धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। भक्ति गीतों और जयकारों से मंदिर परिसर नवरात्रि की उमंग में सराबोर नजर आया। शारदा माता मंदिर तालाबपुरा प्रबंधक डा.राजेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मंदिर का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने श्रद्धालुओं और धर्मप्रेमी नागरिकों से अपनी श्रद्धा एवं सामथ्र्य के अनुसार सहयोग राशि देकर निर्माण कार्य में योगदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इच्छुक श्रद्धालु मंदिर प्रबंधक से संपर्क कर सहयोग प्रदान कर सकते हैं।

व्यवस्थाएं व सुरक्षा परखीं

दशहरा पर्व की तैयारियों को लेकर मैदान का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

आगामी दशहरा पर्व को सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासनिक अधिकारियों एवं नगर पालिका की टीम के साथ दशहरा मैदान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दशहरा पर्व के आयोजन की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यक पहलुओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, एसडीओपी प्रकाश शर्मा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान दशहरा मैदान में आयोजन को लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने पर्व के दौरान नागरिकों की सुविधा, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक इंतजामों का जायजा लिया तथा संबंधित विभागों के बीच समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया। प्रशासन एवं नगर पालिका द्वारा दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि नगरवासी उत्साह एवं उल्लास के साथ विजयादशमी का पर्व मना सकें।

छोटे-छोटे बच्चों के गायन ने प्रभावित किया व भाव भंगिमा ने मोहा मन

अंजनीलाल धाम पर गायन प्रतियोगिता में नन्हे बच्चों ने दी लय-ताल की प्रस्तुति







मंदिर ट्रस्ट ने नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया, पांच, छः वर्षीय बालक-बालिकाओं ने सुमधुर भजन सुनाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

नगर के प्रसिद्ध श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर बुधवार रात्रि में छोटे-छोटे बच्चों के बीच में गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रारंभ में गीत संगीत के जानकार पं. सुदर्शन शर्मा, गायक कलाकार सपना शिवहरे और राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने अतिथि एवं जज के रूप में मंचासीन होकर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्जवलित किया। इसके बाद श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर आयोजित बच्चो की गीत-गायन प्रतियोगिता में नन्हे बच्चो की प्रतिभा देख सभी हतप्रभ रह गए। मंच से जब महज पांच, छः वर्षीय बालक-बालिकाओं ने सुमधुर भजन सुनाया तो बड़े भी अचंभित हुए बिना नहीं रहे।

प्रतियोगिता में शासकीय अशासकीय विद्यालयों के बच्चों ने लिया भाग

प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न शासकीय-अशासकीय विद्यालयों के करीब 50 से अधिक बच्चों ने बुधवार रात तक अपनी प्रस्तुति दी। कई बच्चों ने गायन के साथ खुद वाद्य यंत्र बजाकर दोहरी प्रतिभा का परिचय दिया। नन्हें बच्चों का स्टेज पर आकर पूरे आत्मविश्वास के साथ मधुर आवाज और लय-ताल का सामंजस्य स्थापित करते हुए अपनी प्रस्तुति देना अद्भुत था।

बच्चों के अंदर छिपी रहती है गीत-गायन, संगीत की प्रतिभा

सभी अतिथियों ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि आज के दौर में बच्चों का गीत-गायन और संगीत में जो प्रतिभा देखने को मिल रही है वह अद्भुत है। उन्होंने सभी बच्चों और उनके पालकों से आग्रह किया कि अगर बच्चों में संगीत, गायन की रूचि है तो उन्हें आगे बढने का अवसर जरूर दे. सभी ने बच्चों को गायन के टिप्स भी दिये. अतिथियों ने पालकों से कहा कि अगर समय पर बच्चों को माहौल देंगे तो बच्चें आगे बढ़ सकते है. अतिथियों ने मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा बच्चों को मंच देने के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में संगीत शिक्षक विवेक सिंह खींची, आदित्य उपाध्याय सहित सभी अतिथियों का एवं नन्हें छात्र आर्यन शर्मा को मंदिर ट्रस्ट परिवार ने स्वागत किया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जनमानस और प्रतिभागियों के पालक आदि मौजूद थे. मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा चयनित प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार विजयादशमी पर्व पर सायंकाल सात बजे प्रदान किया जाएगा।

हुनर की मिसाल...

हथकरघा से कपड़े पर उकेरी मां बिजासन की अदभुत तस्वीर

बुनकर मोहम्मद रईस अंसारी ने कपड़े पर मां बिजासन माता (भैंसवा माता) की आकर्षक तस्वीर बुनकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

हथकरघा पर कपड़ा बुनना एक कला है, लेकिन इसी कला के जरिए कपड़े पर देवी-देवताओं और ऐतिहासिक धरोहरों की तस्वीर उकेर देना किसी अद्भुत हुनर से कम नहीं है। सारंगपुर के वरिष्ठ बुनकर मोहम्मद रईस अंसारी ने अपनी इसी अनूठी कला का प्रदर्शन करते हुए कपड़े पर मां बिजासन माता (भैंसवा माता) की आकर्षक तस्वीर बुनकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है। उनकी इस कलाकृति की हथकरघा विभाग के अधिकारियों और कला प्रेमियों द्वारा सराहना की जा रही है।लगभग 55 वर्षीय मास्टर बुनकर मोहम्मद रईस अंसारी पिछले 40 वर्षों से बुनाई के कार्य में जुटे हैं। लंबे अनुभव, मेहनत और अपनी उंगलियों के हुनर से उन्होंने साधारण हथकरघा पर कपड़े में कलाकृतियां उकेरने की विशेष महारत हासिल की है। जिला हथकरघा कार्यालय के सहायक संचालक बालकृष्ण कोडडिया के मार्गदर्शन में स्वीकृत बुनियादी बुनाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान फाइन क्वालिटी हैंडलूम, सारंगपुर में रईस अंसारी ने मां बिजासन माता की तस्वीर तैयार की। ताना-बाना, धागों की बारीक गुथन और डिजाइन के तालमेल से उकेरी गई इस तस्वीर में उनकी कलात्मक दक्षता स्पष्ट दिखाई देती है। साधारण हथकरघा के माध्यम से इतनी बारीकी से तस्वीर तैयार करना उनकी वर्षों की साधना और अनुभव को दर्शाता है।

वार्ड क्र. 21 अभिनंदन क्षेत्र के दो उद्यानों में विभिन्न विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

मंदसौर। नगर पालिका परिषद मंदसौर के द्वारा वार्ड क्रमांक 21 में शुक्रवार को विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर उद्यान में आयोजित इस भूमिपूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के निवासीगण भी उपस्थित थे। नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार, लोकनिर्माण समिति सभापति निर्मला नरेश चंदवानी, क्षेत्रीय पार्षद सुनीता नंदलाल गुजरिया ने श्रीफल बढ़ाकर वार्ड क्रं. 21 अभिनंदन क्षेत्र के श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर उद्यान व अभिनंदन नगर विस्तार 1 के पानी की टंकी वाले उद्यान में होने वाले सौंदर्यीकरण, पेवर ब्लाक, फुटपाथ निर्माण आदि कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर भाजपा मण्डल महामंत्रीगण केसरीमल जटिया, बंशी राठौर, पार्षद भावना पमनानी, रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, श्रीमती प्रीति रोखले, बिन्दू चन्द्रे, जेहरा पानवाला, नपा उपयंत्री शाहिद मिर्जा सहित कई गणमान्य नागरिकगण भी उपस्थित थे।

दुर्गा पंडालों का निरीक्षण कर भीड़ की जानकारी ली

एसपी ने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आयोजन समिति सदस्यों से शांति, सुरक्षा पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान नगर में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से राजगढ़ पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने बुधवार रात्रि को सारंगपुर के विभिन्न दुर्गा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ नवागत एसडीओपी, थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी सहित पुलिस टीम मौजूद रही। निरीक्षण के दौरान एसपी तोलानी ने दुर्गा पंडालों में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आयोजन समितियों के सदस्यों से चर्चा की।

उन्होंने पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही, पंडालों में जुटने वाली भीड़ तथा सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। साथ ही समिति सदस्यों से आयोजन के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतने और पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखने पर चर्चा की। नवरात्रि के दौरान नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में माता रानी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना पुलिस प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।एसपी के निरीक्षण के दौरान पुलिस टीम भी साथ रही। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराना है, ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के माता रानी के दर्शन कर सकें और धार्मिक आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हों।

आस्था के रंग में रंगा नगर, माता शीतला को ओढ़ाई चुनरी, दो जगह निकाली गई यात्रा, जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नवरात्रि के पावन पर्व पर महिला मंडल एवं शीतला माता मंदिर समिति के तत्वावधान में लगातार दूसरे वर्ष भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। चुनर यात्रा का श्रीगणेश विधायक हजारीलाल दांगी एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने कुशवाह मोहल्ला स्थित मां हिंगलाज मंदिर में पूजा-अर्चना कर किया। पूजा अर्चना कर चुनरी यात्रा माँ हिंगलाज मंदिर से प्रारंभ हुई जो प्रमुख मार्ग चोपड़ा बाजार, भावसार मोहल्ला, विवेकानंद चौराहा, इंदर चौराहा, बुधवारिया बाजार , हनुमान छतरी होते हुए माता शीतला मंदिर पहुंची। चुनर यात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ चुनर यात्रा में शामिल हुए और माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। नगर में स्थित माता शीतला मंदिर पर विधि-विधान से माता रानी को चुनरी अर्पित की गई। इसके बाद महाआरती हुई तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर माता रानी से सुख-समृद्धि एवं नगर की खुशहाली की कामना की।

नगर के महाकाल राजा ग्रुप के तत्वावधान में भी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नौवीं विशाल चुनरी यात्रा श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ उल्लास से निकाली गई। चुनरी यात्रा का शुभारंभ चामुंडा माता मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद चुनरी यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए माता बिजासन मंदिर पहुंची, जहां माता रानी को चुनरी अर्पित कर श्रद्धालु भक्तों ने सबके कल्याण सुख शांति समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई।यात्रा नगर के प्रमुख मार्ग विवेकानंद चैराहा, इंदर चौराहा, बुधवारिया बाजार, हनुमान मंदिर , चोपड़ा बाजार एवं रामलीला चौक से होकर बिजासन माता मंदिर पहुंची। यात्रा में श्रद्धालु माता रानी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा समापन कुंभकार मोहल्ले में स्थित मां बिजासन मंदिर में माता रानी की महाआरती की गई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।

महाविद्यालय में कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बनाए आकर्षक कार्ड



जीरापुर। शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार दांगी के मार्गदर्शन संचालित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सामाजिक जागरूकता, कलात्मक अभिव्यक्ति तथा जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना रहा।प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न सामाजिक एवं समसामयिक विषयों पर आकर्षक और संदेशपरक कार्ड तैयार किए। विद्यार्थियों ने नशामुक्ति, ऊर्जा एवं जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण, मानसिक स्वास्थ्य, दीपावली, भारतीय सेना का शौर्य, विकसित भारत, समृद्ध मध्यप्रदेश, युवा शक्ति, लोककला एवं संस्कृति, डिजिटल साक्षरता तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय वाक्यों जैसे विषयों को अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया।

जिला विपणन अधिकारी मौर्य के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित

ब्यावरा। संभाग आयुक्त भोपाल कर्मवीर शर्मा द्वारा तत्कालीन जिला विपणन अधिकारी राजगढ़ मौर्य के विरुद्ध खाद वितरण में लापरवाही, केंद्रों की मॉनीटरिंग नहीं करने, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना और शासकीय बैठकों से बिना सूचना अनुपस्थित रहने के मामलों में अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग मध्य प्रदेश शासन को भिजवाया गया है। खाद वितरण में अनियमितताओं और किसानों को यूरिया नहीं मिलने से सड़क जाम की स्थिति बनने को लेकर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने उनके विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव संभाग आयुक्त को भिजवाया गया था। संबंधित मामलों में जारी आरोप-पत्रों एवं आरोप-ज्ञापनों का निर्धारित समय-सीमा में जवाब नहीं देने पर प्रकरण आवश्यक कार्रवाई के लिए शासन को भेजा गया। वर्तमान में मौर्य का स्थानांतरण जिला झाबुआ किया गया है।

दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवक घायल, एक शाजापुर रेफर किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



नगर और आसपास के क्षेत्र में बुधवार रात हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवक घायल हो गए। दोनों घटनाओं में घायलों को डायल 112 की मदद से सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया। यहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। एक युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे शाजापुर रेफर कर दिया गया। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

पहली घटना: अज्ञात बाइक सवार टक्कर मारकर फरार

जानकारी के अनुसार, बुधवार रात नेशनल हाईवे पर धनोरा जोड़ के पास उत्तर प्रदेश के कानपुर से शाजापुर जा रहे दो युवकों की बाइक को एक अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में सचिन पिता राजेश (18) निवासी कानपुर और शिवा निवासी कानपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को डायल 112 की मदद से सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया, जहां डॉक्टर अंकित महुवा ने उनका उपचार किया। बताया गया कि दोनों युवक शाजापुर में बाइक पर कपड़े रखकर बेचने का काम करते हैं।

दूसरी घटना: ट्रैक्टर की टक्कर से युवक घायल

दूसरी घटना में सारंगपुर से सलसलाई जा रहे महेश मेवाड़ा (25) निवासी सलसलाई, जिला शाजापुर को उप जेल सारंगपुर के सामने एक ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। दुर्घटना में महेश गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें डायल 112 की मदद से सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया। यहां डॉक्टर अंकित महुवा ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शाजापुर रेफर कर दिया। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

